Rapid Fire करेंट अफेयर्स (20 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs

- 20 नवंबर: यूनिवर्सल चिल्ड्रेंस डे; संयुक्त राष्ट्र ने 1954 में की थी यूनिवर्सल चिल्ड्रेंस डे मनाने की शुरुआत; भारत में 14 नवंबर को मनाया जाता है चिल्ड्रेंस डे
- 19 नवंबर को हुआ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का आयोजन; 19 नवंबर, 1999 को पहली बार त्रिनिडाड और टोबैगो में आयोजित किया गया था अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस
- रिज़र्व बैंक और सरकार के बीच 9 घंटे तक चली बैठक; इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क के लिये समिति बनाने और प्राम्प्ट करेक्टिव एक्शन फ्रेमवर्क के मुद्दे पर बनी सहमति
- कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश असीम कुमार रॉय बने पश्चिम बंगाल के नए लोकायुक्त; 2009 से खाली था लोकायुक्त का पद
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वियतनाम यात्रा के दौरान हिंदू मंदिर My Son गए; सेंट्रल वियतनाम के Quang Nam प्रांत में चौथी से 14वीं ईस्वी के बीच चंपा राजाओं ने बनवाया था मदिरों का यह समूह
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन आदि पर आधारित को इनोवेशंस को बढ़ावा देने के लिये प्रधानमंत्री ने लॉन्च किया Ease of Doing Business Grand Challenge
- भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच नई दिल्ली में आयोजित हुई काउंटर टेररिज्म पर जॉइंट वर्किंग ग्रुप की 12वीं बैठक
- मालदीव की नई सरकार चीन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाहर निकलेगी; दोनों देशों के बीच भारी व्यापार असंतुलन को बताया इसका कारण
- 49वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा में शुरू; इज़राइल है फोकस कंट्री; फोकस स्टेट है झारखंड
- केरल सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में देश का पहला पूर्ण डिजिटल राज्य बनने के लिये शुरू किया KOOL प्रोजेक्ट; दुनियाभर में लोकप्रिय Massive Open Online Course पर आधारित है KOOL
- 2017-18 का पहला उत्तर क्षेत्र का राजभाषा सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित; राजभाषा नीति के कार्यान्वयन और प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था इसका उद्देश्य
- दुर्घटनाएँ रोकने के उद्देश्य से विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर सरकार ने जारी की सीवर तथा सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिये मानक संचालन प्रक्रिया
- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से देश के सभी एलीफेंट्स कॉरीडोर्स को इको सेंसिटिव ज़ोन बनाने पर विचार करने को कहा
- महाराष्ट्र और गुजरात के बाद राज्यभर में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने वाला तीसरा राज्य बना पंजाब
- जर्नलिस्ट शुतप पॉल द्वारा लिखी गई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आत्मकथा Didi: The Untold Mamta Banerjee बाजार में जारी
- 1971 में लोंगोवाल सेक्टर में हुए युद्ध के नायक ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह चांदपुरी का निधन; 1971 में मिला था महावीर चक्र; फिल्म 'बॉर्डर' में सनी देवल ने निभाया था उनका किरदार